# नव संवत्सर पर धर्म यात्रा निकाली, मुस्लिम समुदाय ने भी स्वागत किया

**बीकानेर,** (कासं)। नव संवत्सर पर हमेशा की तरह इस बार भी यहां धर्म यात्रा निकाली गई। यात्रा एम.एम. ग्राउंड से धर्म यात्रा रवाना होकर जूनागढ़ पहुंची। जहां महाआरती के बाद यात्रा सम्पन्न हुई।

यात्रा शहरी परकोटे के भीतर से होते हुए शाम को जूनागढ़ पहुंची। जहां महाआरती का आयोजन किया गया। धर्मयात्रा में हिन्दू संगठनों के साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खासतौर पर भाजपा नेताओं ने इस यात्रा में ज्यादा रूचि दिखाई। वहीं कांग्रेस नेता भी जगह-जगह यात्रा का स्वागत कर रहे थे। यहां तक कि कई मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी यात्रा का स्वागत किया।

हिन्दू जागरण मंच की ओर से हिन्दू नव वर्ष के पहले दिन निकलने वाली इस यात्रा को एमएम ग्राउंड से रवाना किया यहां से ईदगाह बारी के आगे से होते हुए नत्थूसर गेट, वहां से बारह गुवाड़, रत्ताणी व्यासों का चोक, हर्षों का चौक, मोहता चौक, तेलीवाड़ा, दाऊजी मंदिर होते हुए केईएम रोड से जूनागढ़ पहुंची। करीब दस किलोमीटर लम्बे इस सफर में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा का स्वागत करने के लिए पग-पग पर लोग बैठे थे। कहीं फूल मालाओं से स्वागत हुआ तो कहीं खान-पान का स्वागत सत्कार हुआ। हिन्दू जागरण मंच के जेठानन्द व्यास ने इस यात्रा की अगुवाई की।

उधर यात्रा के दौरान किसी भी अनहोनी से बचने के लिए बीकानेर पुलिस ने भी कमर कसी हुई थी। यात्रा के एमएम ग्राउंड से रवाना होने से जूनागढ़ पहुंचने तक आठ सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी नहीं हो, इसलिए ड्रोन से नजर रखी जा रही थी। संवेदनशील क्षेत्रों में घरों की छतों पर भी नजर रखी जा रही थी। पुलिस ने संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी हुई थी।

पुलिस ने एम.एम. ग्राउंड के आगे समय से पहले ही रास्ता बंद कर दिया। यात्रा तीन बजे शुरू होना तय था जबकि एक बजे के आसपास ही रास्ता बंद कर दया गया। ऐसे में गजनेर रोड से शहर की ओर आने वाले वाहनों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। धर्मयात्रा में अपनी उपस्थिति दिखाने के लिए पोस्टर युद्ध भी शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदारों ने एक बार फिर होर्डिंग्स को पाट दिया है। जगह-जगह होर्डिंग्स व बैनर के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन भी किया गया।



बीकानेर में नव संवत्सर महोत्सव पर कोटगेट पर महिलाओं ने राहगीरों को तिलक लगाकर मिश्री व तुलसी से मुंह मीठा कराया।

- धर्मयात्रा एम.एम. ग्राउंड से रवाना होकर जूनागढ़ पहुंची, यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया

**राहगीरों को तिलक लगाया :** भारतीय नववर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर जिला बीकानेर की ओर से सादुल सिंह सर्किल पर आमजन को तिलक व प्रसाद खिलाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। भारतीय जनता पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष विजय कुमार आचार्य ने कहा कि बीकानेरवासियों को इस विक्रम संवत 2080 की बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं दी। ये वर्ष सभी के जीवन में बहुत अधिक खुशियां और प्रकाश लाए। सभी अपने- अपने क्षेत्रों में उन्नति करें, सभी के जीवन में उमंग रहें। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी शहर ने बीकानेरवासियों का स्वागत और अभिनंदन किया।

भाजपा शहर जिला बीकानेर द्वारा आमजन का तिलक लगाकर मिश्री व काली मिर्च से मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर गोकुल जोशी, नरेश नायक, अरूण जैन, कौशल शर्मा, मधुरिमा सिंह, भारती अरोडा, मो. रमजान अब्बासी, विजय कुमार उपाध्याय, कमल आचार्य, दिनेश महात्मा, नरसिंह सेवग, अनिल हर्ष, श्यामसुंदर चैधरी, राजाराम सिंगड़, सोहनलाल चांवरिया, हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, सांगी लाल गहलोत, राहुल पारीक, हुलास भाटी घनश्याम लोहिया,छतर सिंह, मदन सियाग, सुधीर केवलिया, ओम तंवर, इन्द्रचंद ओझा, श्याम सिंह हांडला, मुकेश रावत, सुशील आचार्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नववर्ष के शुभ अवसर पर मोहता चौक में पुराना शहर मंडल द्वारा आमजन का तिलक लगाकर मिश्री व तुलसी से मुंह मीठा किया गया। इस अवसर कमल आचार्य, गोकुल जोशी, अनिल हर्ष, मनोज पुरोहित, कैलाश जोशी, जुगल व्यास, कवि अचार्य, मुकेश आचार्य, जय नारायण व्यास काफी संख्या में कार्यकर्ता ने स्वागत अभिनन्दन किया। नववर्ष के शुभ अवसर पर गंगाशहर मैन बाजार, भीनासर मैन बाजार, महावीर चौक, चोरड़िया चौक काफी जगहों पर गंगाशहर मंडल द्वारा आमजन का तिलक लगाकर मिश्री व तुलसी से मुंह मीठा किया गया।

## फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। डेढ़ माह पूर्व एक निजी कॉलेज के पास चुनावी रंजिश को लेकर स्टूडेंट पर फायरिंग कर फरार हुए आरोपियों को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया। अब इन आरोपियों को पुलिस कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी।

सिटी थाना के एसएचओ कृष्ण कुमार ने बताया कि सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 2 के निवासी सोहेल खान (21) पुत्र मंजूर अली ने 7 फरवरी 2023 को मामला दर्ज था कि वह टैगोर कॉलेज के पास पास खड़ा था। इस दौरान एक बोलेरो कैम्पर गाड़ी उसके पास आकर रूकी और उसमें से नरेश ढाका, सोनू भांभू और एक अन्य युवक हथियारों से लैस होकर उतरे और उस पर हमला बोल दिया।

मारपीट की इस घटना के बीच नरेश ढाका ने उस पर रॉड़ से हमला किया तो सोनू भांभू ने उसे जान से मारने की नियत से पिस्तौल से दो फायर किए जिसमें वह बाल-बाल बच गया। इस दौरान उसके शोर मचाने पर कॉलेज के पास ही खड़े तालब खान और मुनसब खां नामक उसके दोस्तों के आ जाने से आरोपी सोनू भांभू और नरेश ढाका और उनका तीसरा साथी भाग गए।

सीआई ने बताया कि मामले में अब आरोपी सोनू भांभू (21) पुत्र कालूराम निवासी गांव मानकथेड़ी, नरेश ढाका पुत्र महावीर निवासी गांव रंगमहल और भूराराम पुत्र पंछीराम निवासी 14 एस.पी.डी. को आज गिरफ्तार कर लिया गया। सीआई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आपराधिक प्रवृति के हैं। इनमें भूराराम उर्फ भूरिया से पूर्व में अवैध पिस्तौल भी पुलिस बरामद कर चुकी है। तीनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार रखने और हथकढ़ शराब बनाने के भी मामले दर्ज हैं।

# नवरात्र पर देशनोक करणी माता मंदिर में घट स्थापना

**देशनोक,** (कासं)। विश्व विख्यात करणी माता मंदिर में बुधवार को घट स्थापना के साथ ही नवरात्र पूजन शुरू हुआ। अब अगले नौ दिन तक मंदिर में विशेष पूजन होगा। श्री करणी माता मंदिर में पूर्ण विधि पूर्वक घट स्थापना की गई।

श्रीकरणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष बादल सिंह ने बताया कि घट स्थापना की महा आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन व प्रन्यास द्वारा सभी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। नवरात्र मेले को लेकर करणी मंदिर परिसर के मुख्य गेट सहित पूरे मंदिर परिसर की रंग बिरंगी रोशनी से सजावट की गई है। स्थाई दुकानों सहित मेले में लगने वाली दुकान के दुकानदारों ने माल भरकर दुकानों की सजावट की है। पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंधड़ा व अधिशासी अधिकारी बृजेश कुमार सोनी ने बताया कि नवरात्र मेले को लेकर बंद पड़ी रोड लाइट चालू की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर लगाई गई पेयजल की प्याऊ पर पानी की मशीनों को भी ठीक करवाया गया है। पालिका द्वारा अस्थाई दुकानों की नीलामी मंगलवार को की गई।

- घट स्थापना की महा आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी
- दर्शनार्थियों के लिए प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार अलग-अलग बनाये गए हैं

थाना प्रभारी रुपाराम जाखड़ ने बताया कि नवरात्र मेला में पुलिस की माकूल व्यवस्था रही। इस दौरान मेले में यातायात सिपाही, महिला सिपाही सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। निजी प्रन्यास अध्यक्ष बादल सिंह ने बताया कि दर्शनार्थियों के लिए प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार अलग-अलग बनाये गए है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टैंट, शीतल जल, आदि की व्यवस्थाएं की गई है।

सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। नवरात्र में श्री करणी माता मंदिर के दर्शन के लिए देशभर से लोग बीकानेर आते हैं। वैसे सभी जातियों के श्रद्धालु यहां दर्शन करते हैं लेकिन राजपूत समाज की विशेष आस्था है। यही कारण है कि देशभर से करणी माता के दर्शन करने राजपूत समाज के लोग बीकानेर आते हैं। अगले नौ दिन तक श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्शन की व्यवस्था रखी गई है।

## पूर्व सरपंच के विरूद्ध शिकायत दफ्तर दाखिल

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व सरपंच के विरुद्ध की गई शिकायत जांच के दौरान असत्य और निराधार पाये जाने पर पत्रावली दाखिल दफ्तर करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि चूरू जिले के बीदासर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कातर छोटी के पूर्व सरपंच जैसाराम के विरूद्ध निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पाई गई। इसकी जांच जिला परिषद, चूरू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से करवाई गई। जांच अधिकारी ने रिपोर्ट में शिकायतकर्ता की मृत्यु होने एवं शिकायत के बिन्दुओं को असत्य व निराधार होने के कारण प्रकरण समाप्त करने का आग्रह किया। संभागीय आयुक्त ने पूर्व सरपंच के विरुद्ध धारा 38 के तहत दर्ज प्रकरण जांच में असत्य व निराधार पाये जाने पर प्रकरण को खत्म कर पत्रावली को दाखिल दफ्तर करने के आदेश दिए हैं।

# बीकानेर में बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में देर रात एक बार फिर से बारिश और ओलावृष्टि का दौर चला। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई।

पश्चिमी विक्षोभ का सीधा असर बीकानेर में देखने को मिल रहा है। जहां देर रात बारिश और ओलावृष्टि हुई। लूणकरनसर में इसी महीने में दूसरी बार ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं शहर में रात भर गरज के साथ बारिश का दौर चलता रहा। मंगलवार रात दस बजे एक तरफ भूकम्प का भय लोगों को सता रहा था। वहीं दूसरी ओर बादल गरजते रहे। कुछ ही देर में पहले बूंदाबांदी और फिर तेज बारिश शुरू हो गई।

रात करीब दो बजे तक रूक-रूककर बारिश होती रही। बारिश से सड़कें तरबतर हो गई। वहीं भूकम्प के कारण बाहर निकले लोगों को फिर से घर में घुसना पड़ा। उधर लूणकरनसर में ओलावृष्टि से चने की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। पिछले दिनों भी यहां ओले गिरे थे। तब भी फसलों को अस्सी फीसदी तक नुकसान हुआ है। मंगलवार की शाम को खोखराणा समेत आसपास के क्षेत्र में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में भारी नुकसान है। कल दोपहर बाद बदले मौसम से साथ ही मंगलवार शाम 8.30 करीब 40 मिनट लगातार बारिश हुई। जिससे 10 एमएम पानी बरसा।

- लूणकरनसर में ओले गिरने से फसलों को नुकसान

इसके बाद तेज हवा के साथ ओलावृष्टि होने से चारों तरफ ओलों की सफेद चादर बिछ गई। एक बार तो सफेद चादर ने मानों कश्मीर के जैसा अहसास करवा दिया। बारानी क्षेत्र में चने की फसल को चौपट हो गई।

# खड़ी ट्रेन में युवक की लाश मिली

**बीकानेर,** (कासं)। लालगढ़ रेलवे वाशिंग एरिया में खड़ी एक रेल गाड़ी में युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया है। शव तीन से चार दिन पुराना है। आशंका है कि युवक का मर्डर किया गया है।

फिलहाल शव को मोर्चरी में रखा गया है। बुधवार को लालगढ़ रेलवे वर्कशॉप पर खड़ी रेल की सफाई हो रही थी। इसी दौरान एक डिब्बे के टॉयलेट में युवक का शव औंधे मुंह गिरा पड़ा था। तुरंत रेलवे अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद शव को टॉयलेट से बाहर निकाला गया। खिदमतगार ख़ादिम सोसायटी के सदस्यों ने शव को वहां से उठाया व मोर्चरी पहुंचाया। रेलवे पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लालगढ़ वाशिंग एरिया में लाश 3 से 4 दिन पुरानी मानी जा रही है। मृतक के पास से एक आधार कार्ड मिला है जिसमे उसका नाम रणजीत सिंह लिखा है। इसी आधार पर पुलिस परिजनों से सम्पर्क करने में जुटी है। ये भी पता लगाया जा रहा है कि युवक बीकानेर से है या बाहर से है। रेल गाड़ी के अंदर बाथरूम के अंदर मिलने के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। उसकी हत्या हुई है या बीमारी के कारण मृत्यु हुई है। ये अभी स्पष्ट नहीं है।

- शव तीन से चार दिन पुराना, हत्या की आशंका, शव मोर्चरी में रखवाया

## अहिंसा मार्च आज निकलेगा

**बीकानेर,** (कासं)। शहीद भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला मुख्यालय, उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर अहिंसा मार्च निकाला जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी पार्क में प्रातः 8.30 बजे से होगा।

इसमें एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र व स्काउट गाइड, स्वयंसेवी संस्थाओं, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चों द्वारा मार्च निकाला जायेगा। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस दौरान महात्मा गांधी और अन्य महापुरूषों के शांति व अहिंसा से जुड़े संदेशों का प्रदर्शन व महात्मा गांधी के भजन व देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया जायेगा। शहीदों को याद कर पुष्पांजलि दी जायेगी।

# भूकम्प के झटके, रात दस बजे लोग घरों से बाहर निकले

**बीकानेर,** (कासं)। दिल्ली एनसीआर सहित देश के अनेक हिस्सों में मंगलवार रात भूकम्प के झटके आये। बीकानेर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने इन झटकों को महसूस किया। कई क्षेत्रों में तो लोग अपनी बिल्डिंग से बाहर आ गए। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने भूकम्प के झटके सहन करने की सूचना दी।

बीकानेर के पवनपुरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भूकम्प का झटका महसूस हुआ तो वो घर से बाहर निकल आए। कॉलोनी के लोगों ने एक दूसरे को आवाज देकर घर से बाहर निकाला ताकि दोबारा भूकम्प का बड़ा झटका लगे तो सुरक्षित रह सके। हालांकि एक बार के बाद दोबारा भूकम्प महसूस नहीं हुआ। इसके अलावा कीर्ति स्तम्भ, जवाहर नगर, मुरलीधर व्यास नगर क्षेत्र में भी लोगों ने भूकम्प का झटका महसूस होना बताया है। बीकानेर में कहीं से किसी तरह के जनहानि की सूचना नहीं मिली है। ये संयोग ही रहा कि पहले भूकम्प के झटकों का अहसास हुआ और इसके ठीक बाद बारिश शुरू हो गई। रात सवा दस बजे शुरू हुई बारिश बारह बजे तक रुक-रुककर होती रही। तेज गर्जना के साथ हुई बारिश ने लोगों को एक बार तो भयभीत कर दिया।

- बीकानेर में कहीं से किसी तरह के जनहानि की सूचना नहीं मिली

आशंका जताई जा रही थी कि देर रात बारिश और तेज हो सकती है। हालांकि बारिश बारह बजे तक थम गई थी। भूकम्प के झटकों के बाद बादलों का गरजना भयावह रहा। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से बीकानेर में भूकम्प को लेकर किसी तरह की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि भूकम्प की जानकारी लेने के लिए प्रशासनिक कार्यालयों में फोन भी करते रहे। पुलिस कंट्रोल रूम से भी इस संबंध में किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी गई। दरअसल शहर में किसी तरह की कोई दुर्घटना नहीं होने के कारण पुलिस को भी सूचना नहीं मिली।

# किसानों को गोबर से खाद और गोमूत्र से कीटनाशक बनाने संबंधी प्रशिक्षण दिया

**बीकानेर,** (कासं)। गोबर से खाद और गोमूत्र से कीटनाशक बनाने एवं इसके विपणन संबंधी संभावनाओं के मद्देनजर एक दिवसीय किसान सम्मेलन 12 अप्रैल को रविन्द्र रंगमंच में आयोजित किया जायेगा। इसकी पूर्व तैयारियों के संबंध में बुधवार को संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि राजस्थान गो सेवा परिषद द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले के पंद्रह सौ किसानों को गोबर से खाद और गोमूत्र से कीटनाशक बनाने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। यह किसान उत्पादों का विपणन करें, गोबर और गोमूत्र का बेहतर उपयोग हो तथा इनसे किसानों को अधिक आय हो, हो इसके मद्देनजर यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक प्रो. आर. के. धूडिया सम्मेलन के नोडल अधिकारी होंगे। वहीं कृषि, पशुपालन, नाबार्ड तथा कृषि विश्वविद्यालय सहित अन्य विभागों के का सहयोग रहेगा।



राजस्थान गौसेवा परिषद के सम्मेलन की तैयारियों को लेकर संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन (बाएं) ने बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी संबंधित विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेगी और किसानों से जुड़ी योजनाओं को प्रचारित किया जायेगा। वहीं पात्र किसानों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन मौके पर भरवाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के लिए किसानों को आमंत्रित किया जाए तथा सत्रों के अनुसार वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान पूर्व कुलपति प्रो. ए.के. गहलोत, राजस्थान गोसेवा परिषद के हेम शर्मा, गजेन्द्र सिंह सांखला, अजय पुरोहित मौजूद थे। अरविंद मिढ्ढा, नाबार्ड के डीडीएम रमेश तांबिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. वीरेंद्र नेत्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- राजस्थान गौसेवा परिषद का एक दिवसीय सम्मेलन 12 को

## मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन

**नोखा,** (निसं)। नगर पालिका नोखा द्वारा महाराजा गंगासिंह एवं सेठ सुगनचंद पारख की मूर्ति स्थापना के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया।

पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर ने बताया कि प्रतिमाओं के लिए बनने वाला फाउंडेशन आरसीसी का स्ट्रेक्चर बनाकर ग्रेनाइट पत्थर का बनाया जायेगा। महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा 9 फीट ऊंचाई की घोड़े पर विराजमान एवं चौधरी सुगनचन्द पारख की प्रतिमा कटला चौक में लगेगी। अष्टधातु प्रतिमाएं 75 प्रतिशत ताम्बा, टिन, निकल, जिंक आदि से इतालवी खोया मोम विधि से निर्मित की जायेगी। झंवर ने बताया कि मैसर्स स्टूडियो शिल्पी द्वारा ही लोकसभा भवन की छत पर लगे हुए अशोक स्तम्भ का निर्माण किया गया है। भूमि पूजन पंडित कन्हैया महाराज के सानिध्य में कराया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय कन्हैयालाल झंवर के नेतृत्व में कानसिंह धुपालिया, भगवान सिंह ढिंगसरी, भंवरसिंह चरकड़ा, रोड़ा के भोमसिंह, भींवसिंह नोखा मौजूद थे।

## सार-समाचार

### पुण्यतिथि पर संगोष्ठी-काव्य संध्या



साहित्यकार मदन केवलिया व पूर्व न्यास अध्यक्ष मकसूद अहमद ने नरपत सांखला की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। नगर के हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के लब्ध प्रतिष्ठित कीर्ति शेष साहित्यकार स्व. नरपत सिंह सांखला की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. नरपत सिंह सांखला की स्मृति में सांखला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित संगोष्ठी एवं काव्य संध्या, कवि सम्मेलन मुशायरा स्थानीय महाराजा नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम, नागरी भण्डार, स्टेशन रोड बीकानेर में आयोजित किया गया। संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी में नगर के हिन्दी, उर्दू एवं राजस्थानी भाषा के रचनाकारों ने अपनी काव्य रचनाओं से स्व. सांखला को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर अपना उद्‌बोधन देते हुए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव कवयित्री डॉ. सीमा जैन ने कहा कि संस्थान ने स्व. नरपत सिंह सांखला की स्मृति में आज यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करवा कर उनके विचारों से जन-जन को अवगत करवाने का सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए संस्थान के पदाधिकारी साधुवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में स्व. सांखला के अनुज जगदीश सांखला ने स्व. नरपत सिंह सांखला के साथ बिताए लम्हों को याद करते हुए उनके जीवन के अनेक अनछुए पहलू सामने रखे। कार्यक्रम समन्वयक संजय सांखला ने कहा कि हमें हमारे माता-पिता की पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए एवं उनके जीते जी उनकी भरपूर सेवा करनी चाहिए। संगोष्ठी में मौजूद समस्त अतिथियों को स्व. नरपत सिंह सांखला स्मृति संस्थान द्वारा सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके एवं स्व. नरपत सिंह सांखला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### तीन दिवसीय किसान मेला 27 से



कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण कुमार सिंह (बीच में) ने किसान मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय एवं आत्मा परियोजना के सयुंक्त तत्वावधान में 27 से 29 मार्च तक 'पोषक अनाज-समृद्ध किसान' विषय पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय किसान मेले की तैयारियों को बुधवार को अन्तिम रूप दिया गया। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. सुभाष चन्द्र ने बताया कि कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने मेले के लिए गठित समितियों के समन्वयकों के साथ मेला स्थल का भ्रमण किया। तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रसार शिक्षा निदेशक ने बताया कि मेले में कृषि, पशुपालन और कृषि यंत्रों की लगभग 90 स्टाल्स लगाई जायेगी। मेले में विशेष रूप से मोटे अनाजों के लाभ तथा उत्पादन प्रदर्शन, उन्नत बीज, मशरूम, मधुमक्खी पालन, सूक्ष्म सिंचाई यंत्रों तथा कृषि यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

### 'एक दीपक शहीदों के नाम' आज

**बीकानेर,** (कासं)। ग्रुप ऑफ भगत सिंह के सदस्यों की कार्यकारिणी की बैठक हुई। आज की बैठक की अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष नवल गिरी ने की। बैठक में गुरूवार को शहीद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष नवल गिरी ने बताया कि 23 मार्च 1931 को देश की आजादी के लिये युवा क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, शिवराम राजगुरू एवं सुखदेव थापर को इस दिन अंग्रेजों द्वारा फांसी पर लटकाया गया था। उन्हीं की याद में श्रद्धासुमन एवं पुष्पांजलि अर्पित करने हेतु एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप ऑफ भगत सिंह द्वारा किया जायेगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्बन्धी विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रुप के महासचिव पवन कुमार राठी ने बताया कि गुरूवार को सायं 6:15 बजे पब्लिक पार्क स्थित शहीद स्मारक पर इस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें उपस्थित प्रत्येक सदस्य एक दीपक शहीदों के नाम प्रज्ज्वलित कर उन्हें अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ग्रुप ऑफ भगत सिंह के संरक्षक एवं वरिष्ठ सदस्य नत्थू सिंह भाटी ने बताया कि पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद ग्रुप के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा गरीब एवं अनाथ बच्चों को भोजन भी करवाने का कार्यक्रम रखा गया। वरिष्ठ सदस्य भाटी ने बताया कि आज की बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### जगदीश प्रसाद अध्यक्ष बने

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के प्राचीनतम श्री सेन मंदिर देशनोक के पवित्र प्रांगण में श्री सेन मंदिर संस्था देशनोक के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का शंकर लाल चौहान अध्यक्ष श्री सेन मंदिर कोलायत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। ध्वनि मत से जगदीश प्रसाद चौहान किसनासर अध्यक्ष चुने गए। करणी दान खींची देशनोक सुंदरलाल जाखड़-सुरपुरा, श्रीराम पंवार-पलाना को उपाध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया। सचिव व सह सचिव पद पर विष्णु पंवार, झवरलाल भूरा भाटी व ओम प्रकाश सेन देशनोक को प्रचार मंत्री का दायित्व दिया गया। इनके अलावा 30 पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया।


राजस्थान आवासन मण्डल RAJASTHAN HOUING BOARD

(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत् गठित राज्य सरकार का उपक्रम)

(A State Government Enterprie Constituted Under RHB Act 1970) वृत-बीकानेर, Cirlce-Bikaner

क्रमांकउआआ/आरएचबी/बीका/2022-23/1550 दिनांक20/3/23

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की खुली बिक्री पंजीकरण योजना 2002 में चालान संख्या 204 द्वारा रूपये 5000/- जमा करवाकर श्रीमति रेनू एन.शुक्ल पत्नि श्री नीलांग एम.शुक्ल ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं.08/387 मुक्ताप्रसाद नगर, बीकानेर का कुल क्षे.30.937 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 3504 दिनांक 14.03.2002 को जारी किया गया था। उक्त मुख्त्यारनामा आम/ईकरारनामा/वसीयनामा दिनांक 12.05.2010 को उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत हैं। श्रीमति रेनू एन.शुक्ल पत्नि श्री नीलांग एम.शुक्ल ने उक्त आवास का बैचान श्री चिंरजीलाल खत्री पुत्र स्व. श्री गणपतराय खत्री के नाम दिनांक 14.04.2012 को किया गया। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नही है।तत्पश्चात् श्री चिंरजीलाल खत्री की मृत्यु दिनांक 26.10.2020 एवम् उनकी धर्मपत्नि श्रीमति ज्ञानी देवी की मृत्यु दिनांक 25.12.2022 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री भगवान दास खत्री, श्री किशन खत्री एवम् श्री हरिकिशन खत्री ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकारी के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया।श्री भगवान दास खत्री, श्री किशन खत्री एवम् श्री हरिकिशन खत्री पुत्र स्व.चिंरजीलाल खत्री ने समस्त पंजीयन प्रपत्रो की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री भगवान दास खत्री, श्री किशन खत्री एवम् श्री हरिकिशन खत्री पुत्र स्व.श्री चिंरजीलाल खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री भगवान दास खत्री, श्री किशन खत्री एवम् श्री हरिकिशन खत्री पुत्र स्व.श्री चिंरजीलाल खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल वृत बीकानेर